सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय,अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियंत्रक

www.ssju.ac.in Email- coessjualmora@gmail.com

पत्रांक संख्या : SSJU/Exam/2026/ 7704 **दिनांक** 27.11.2026

सेवा में,

1. परिसर निदेशक, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, परिसर।
2. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. समस्त परीक्षा प्रभारी परिसर/संबद्ध महाविद्यालय।
4. समस्त समर्थ नोडल प्रभारी परिसर/संबद्ध महाविद्यालय।

विषय : स्नातक तृतीय, पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म, विलम्ब शुल्क तथा स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म बिना विलम्ब शुल्क के 04 दिसम्बर 2026 तक उपलब्ध कराने संबंधी।

महोदय,

अत्यन्त दुख के साथ अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी के बार–बार आग्रह करने के उपरांत भी न तो वर्तमान तक सभी परीक्षा फॉर्म पूरित किये गये है और न ही सभी पूरित फॉर्म प्रमाणित हो पाये है।

अतः स्नातक तृतीय, पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म विलम्ब शुल्क रुपये 500 के साथ तथा स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म बिना विलम्ब शुल्क के 04 दिसम्बर 2026 तक उपलब्ध कराये जा रहे है अतः उपरोक्त तिथि तक छात्रों को परीक्षा फॉर्म पूरित करने हेतु अभिप्रेरित/प्रोत्साहित करने एवं पूरित फॉर्मो को प्रमाणित करने का कष्ट करें। वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रस्तावित तिथि से परीक्षायें करायी जानी संभव नही है। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम आगामी दिवसों में जारी किया जायेगा, अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं विद्यार्थियों को अवगत करायें।

परीक्षा नियंत्रक

Controller Of Examination
Soban Singh Jeena University
Almora-263601
(Uttarakhand)

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ प्रेषित –

1. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा।
3. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
4. विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी को समस्त मीडिया संस्थानों को सूचना के प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक